श्री बंशीधर नगर शुक्रवार
10.07.2026
आषाढ़ कृष्णपक्ष दशमी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 317

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:10 बजे
अस्त - 06:48 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 33 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...

# बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

डीपीआर जल्द भेजने का डीसी ने दिया निर्देश >> पेज 03
धर्मेंद्र को याद कर फिर भावुक हुई हेमा मालिनी >> पेज 05

## सुविचार

ऐसे काम करो जैसे तुम्हें पैसे की जरूरत नहीं है, ऐसे प्यार करो जैसे तुम्हारा दिल कभी टूटा ही नहीं और ऐसे नाचो जैसे कोई तुम्हें देख ही नहीं रहा हो।

## न्यूज अपडेट्स

### ईडी ने कमलेश सिंह की 85 करोड़ रुपये की 66 एकड़ जमीन जब्त की

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन कारोबारी कमलेश कुमार सिंह की 66 एकड़ जमीन जब्त कर ली है। इस जमीन की कीमत 85 करोड़ रुपये आंकी गयी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने जमीन कारोबारी कमलेश कुमार सिंह द्वारा जमीन की खरीद बिक्री की जांच के दौरान यह पाया था कि उनके कांके अंचल और नगड़ी अंचल में 66 एकड़ जमीन का फर्जी दस्तावेज बना रखा था। इसमें से कुछ जमीन उसने बेच दी है। बाकी जमीन की खरीद बिक्री अभी नहीं हो सकी है। ईडी द्वारा इससे पहले जांच के बाद कमलेश सहित अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया जा चुका है। मामले की जांच जारी है।

### तृणमूल के तीन पूर्व राज्यसभा सदस्य भाजपा में शामिल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के तीन पूर्व राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। सॉल्टलेक स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की उपस्थिति में तीनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। तीनों नेता पूर्व में तृणमूल कांग्रेस की ओर से राज्यसभा के सदस्य रहे थे। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद उनके भाजपा में शामिल होने की चर्चा चल रही थी।

**निवेश** — एआई से बदलेगा झारखंड का भविष्य : सरकार ने पेश किया डिजिटल गवर्नेंस का विजन

# 1150 करोड़ का निवेश रोडमैप तैयार

**दिल्ली/रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित सुशासन और डिजिटल नवाचार का राष्ट्रीय मॉडल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नई दिल्ली के होटल ताज पैलेस में आयोजित दो दिवसीय नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन-2026 के दौरान सरकार ने विजन-2050 और प्रस्तावित झारखंड एआई नीति 2026-31 का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। इसके तहत अगले पांच वर्षों में 1,150 करोड़ के निवेश से राज्य में एआई आधारित डिजिटल इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, खनन और नागरिक सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का व्यापक उपयोग सुनिश्चित कर पारदर्शी, जवाबदेह और डेटा आधारित प्रशासन स्थापित करना है। इसके जरिए सरकारी सेवाओं को अधिक तेज, प्रभावी और नागरिकों के लिए सुलभ बनाया जाएगा।

### एआई नीति 2026-31 की रूपरेखा पेश

कार्यक्रम में राज्य सरकार ने प्रस्तावित झारखंड एआई नीति 2026-31 का प्रारूप भी साझा किया। इस नीति के तहत स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, खनन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में एआई आधारित समाधान विकसित किए जाएंगे। साथ ही डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, पारदर्शिता और जिम्मेदार तकनीकी उपयोग को नीति का प्रमुख आधार बनाया जाएगा।



### 10 हजार करोड़ निवेश और एक लाख रोजगार का लक्ष्य

सरकार ने विजन-2050 के तहत राज्य में 10,000 करोड़ से अधिक निवेश आकर्षित करने, 50 से अधिक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने, 1,000 से अधिक एआई स्टार्टअप्स विकसित करने और एक लाख से अधिक एआई आधारित रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही एआई शिक्षा, उन्नत कौशल विकास, शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी और सरकारी अधिकारियों व युवाओं के क्षमता निर्माण पर भी विशेष बल दिया जाएगा, ताकि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप दक्ष मानव संसाधन तैयार किए जा सकें। बैठक में प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप्स, निवेशकों और शैक्षणिक संस्थानों से झारखंड के डिजिटल परिवर्तन अभियान में भागीदारी का आह्वान किया गया। सरकार का कहना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, तकनीकी नवाचार और रणनीतिक साझेदारियों के जरिए झारखंड को डिजिटल गवर्नेंस और भविष्य की तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने का लक्ष्य तय किया गया है।

### सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म होगा तैयार

सरकार ने सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मुख्यमंत्री डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (सीएम-डीआईपी) स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। यह एआई आधारित प्रणाली विभिन्न सरकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना परियोजनाओं और विभागीय कार्यों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग करेगी और निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक सटीक बनाएगी। इसके अलावा बहुभाषी डिजिटल सेवाएं, व्हाट्सएप आधारित नागरिक सुविधा, ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली और पंचायत स्तर तक डिजिटल सेवाओं के विस्तार की भी योजना है।

### तीन प्रमुख एआई परियोजनाओं पर विशेष फोकस

बैठक में सरकार ने तीन महत्वपूर्ण एआई आधारित परियोजनाओं पर विशेष जोर दिया। इनमें मुख्यमंत्री डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (सीएम - डीआईपी), हेल्थ एंड न्यूट्रिशन विजिलेंस सिस्टम (एचएनवीएस) और क्रिटिकल मिनरल्स एडमिनिस्ट्रेशन सिस्टम (सीएमएएस) शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रशासन, स्वास्थ्य सेवाओं और खनिज प्रबंधन को आधुनिक डेटा विश्लेषण एवं एआई तकनीक से अधिक सक्षम बनाया जाएगा।

### आईटी पार्क, एआई पार्क और स्टार्टअप इकोसिस्टम

राज्य सरकार ने स्टेट एआई मिशन, झारखंड एआई क्लाउड, एआई इनोवेशन हब, एआई पार्क, एआई इनोवेशन जोन, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और समेकित स्टार्टअप एवं स्किलिंग इकोसिस्टम विकसित करने की भी घोषणा की। इन पहलों का उद्देश्य अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता और उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देना है। रांची में प्रस्तावित 100.97 एकड़ के आईटी पार्क को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी), आईटी कंपनियों, स्टार्टअप्स और नवाचार आधारित उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनाने की योजना भी साझा की गई।

### उद्योग, प्रौद्योगिकी और पर्यटन क्षेत्रों में 99,000 करोड़ निवेश का प्रस्ताव

**रांची।** राष्ट्रीय हितधारक परामर्श के समापन सत्र के दौरान गुरुवार को झारखंड सरकार ने राज्य के आर्थिक और औद्योगिक परिदृश्य को बदलने की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाई है। इस ऐतिहासिक अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में कुल 14 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके माध्यम से राज्य में 99,639 करोड़ का भारी-भरकम प्रस्तावित औद्योगिक निवेश आकर्षित हुआ है। उद्योग विभाग के अंतर्गत देश की अग्रणी कंपनियों के साथ ऐतिहासिक निवेश समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। इनमें मुख्य रूप से मेसर्स जिंदल स्टील लिमिटेड की ओर से 40,000 करोड़ और मेसर्स जिंदल न्यूक्लियर पावर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 30,000 करोड़ के निवेश समझौते शामिल हैं। ये विशाल निवेश झारखंड की विकास क्षमता और राज्य सरकार की नीतियों के प्रति निवेशकों के अटूट विश्वास को दर्शाते हैं। राज्य के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र और शासन ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी दिग्गजों के साथ रणनीतिक साझेदारी की गई है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग के तहत मेसर्स गूगल क्लाउड और वाधवानी ग्रुप के साथ प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे के विस्तार और ई-गवर्नेंस पहलों को बढ़ावा देने के लिए औपचारिक समझौते किए गए। पर्यटन के क्षेत्र में राज्य की समृद्ध विरासत और संभावनाओं को तलाशने के लिए अभिनव सहयोग की शुरूआत की गई है। इसके तहत मेसर्स टाटा मोटर्स के साथ 'माइनिंग टूरिज्म' (खनन पर्यटन) को बढ़ावा देने के लिए और मेसर्स ईजमाईट्रिप प्लानर्स के साथ पर्यटन संवर्धन तथा आगंतुकों (पर्यटकों) तक व्यापक पहुंच बढ़ाने के लिए रणनीतिक साझेदारी स्थापित की गई है। ये साझेदारियां निवेश को बढ़ावा देने, नवाचार को गति देने और झारखंड को उद्योग, प्रौद्योगिकी तथा सतत पर्यटन के लिए देश के एक अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। ये सभी ऐतिहासिक समझौते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में संपन्न हुए। इस अवसर पर राज्य सरकार के कई मंत्री और शीर्ष अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री सुदिव्य कुमार, मंत्री इरफान अंसारी, अविनाश कुमार, अजय कुमार सिंह शामिल थे।

## झारखंड को 'माइंस' से 'माइंड्स' की ओर ले जाना हमारा संकल्प : हेमंत



**रांची।** नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्य में नवाचार एवं शोध के संस्थानों का स्वागत है। राज्य के समग्र विकास के लिए दीर्घकालिक योजनाओं पर समग्र रूप से कार्य करते हुए नई तकनीकी नवाचार के बल पर राज्य को रिसर्च एवं इनोवेशन के हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य के साथ झारखंड को सतत प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ना है। मुख्यमंत्री गुरुवार को नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत, तकनीकी विशेषज्ञों, निवेशकों, टूरिज्म पार्टनर्स और नीति निमार्ताओं को संबोधित करते हुए झारखंड के समग्र और दीर्घकालिक विकास का एक नया विजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान झारखंड सरकार की ओर से डिजिटल गवर्नेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख औद्योगिक घरानों और वैश्विक संस्थाओं (जैसे—जिंदल ग्रुप, वरुण बेवरेजेस, टाटा समूह, गूगल, ईज माय ट्रिप, जनरल स्टील, पावर न्यूक्लियर आदि) के साथ कुल चौदह (14)महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए तथा कई विभागों की ड्राफ्ट नीतियों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक रूप से झारखंड की पहचान खनिज संपदा से रही है, लेकिन अब वक्त आ गया है कि राज्य अपनी बौद्धिक क्षमता और तकनीकी नवाचार के बल पर आगे बढ़े। राज्य को रिसर्च, इनोवेशन और नए आइडियाज का केंद्र बनाना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न संस्थाओं के साथ किए गए एमओयू सिर्फ कागजी समझौते नहीं, बल्कि राज्य के उज्ज्वल भविष्य की उपलब्धियां हैं। ये नीतियां नहीं, बल्कि झारखंड के विकास की नई संभावनाएं हैं। राज्य के समग्र विकास के लिए सरकार शॉर्ट-टर्म योजनाओं के बजाय 'लॉन्ग-टर्म पार्टनरशिप' पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को एक निश्चित समय सीमा के भीतर धरातल पर उतारा जाए। मुख्यमंत्री ने जियाडा के नियमों में आदिवासी समूह के लिए 25 प्रतिशत रियायत के प्रावधान का उल्लेख करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बात पर पुनर्विचार किया जाए कि इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक कैसे किया जा सकता है, ताकि राज्य की आत्मा यानी हमारे आदिवासी समाज को विकास के मुख्य रास्ते से जोड़ा जा सके। उन्होंने स्वीकार किया कि अतीत में बेहतर कम्युनिकेशन की कमी के कारण झारखंड की क्षमताएं दुनिया के सामने पूरी तरह नहीं आ पाई। सरकार अब इस गैप को खत्म कर देश-विदेश के निवेशकों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, केंद्रीय मंत्रियों, तकनीकी विशेषज्ञों और निवेशकों का आभार व्यक्त किया और झारखंड के विकास में सहभागी बनने का आमंत्रण दिया।

**एनएच के लिए जमीन अधिग्रहण पर बवाल, पुलिस पर पथराव**

# पुलिस-ग्रामीणों में झड़प, दो जवान घायल

### कुछ देर हाईवे जाम, मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शुरू हुई अधिग्रहण प्रक्रिया

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी के समीप एनएच फोरलेन परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान गुरुवार को मुआवजा विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जमीन अधिग्रहण का विरोध कर रहे ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इस दौरान हुई पथराव की घटना में जैप के जवान राजमोहन सिंह तथा सहायक पुलिस की महिला जवान प्रिया सिंह घायल हो गईं। दोनों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। पथराव में पुलिस के दो मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए नेशनल हाईवे जाम कर दिया, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही डीएसपी राजेश यादव सहित कई वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, एनएच फोरलेन निर्माण के लिए प्रशासनिक टीम जैसे ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने पहुंची, ग्रामीणों ने मुआवजा नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और पथराव शुरू हो गया। सदर एसडीओ संजय पांडेय ने बताया कि संबंधित जमीन के मुआवजे का मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि कुछ ग्रामीण इस कानूनी स्थिति को लेकर भ्रमित हो गए, जिसके कारण विवाद उत्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पहले से ही क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की गई थी। घटना के बावजूद मजिस्ट्रेट की निगरानी में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम व पूर्व पीएम से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और वर्तमान प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन से मिलकर बेहद प्रसन्नता हुई। स्कॉट मॉरिसन से मिलकर हमेशा अच्छा लगता है। इस दौरान भारत-ऑस्ट्रेलिया दोस्ती और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी 6 जुलाई से तीन देशों इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा पर हैं। यात्रा पर रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि पूर्वी और दक्षिणी हिंद महासागर स्थित इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और उसके बाद न्यूजीलैंड की मेरी यात्रा से भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी', 'महासागर विजन' और मुक्त व खुले इंडो-पैसिफिक के प्रति हमारे नजरिए को और मजबूती मिलेगी।

# डेविल्स ग्रुप पर पुलिस मुख्यालय की बड़ी कार्रवाई की तैयारी, चार जिलों की संयुक्त टीम होगी गठित



**रांची।** झारखंड में गोड्डा, दुमका और आसपास के क्षेत्रों मंक सक्रिय डेविल्स ग्रुप के अपराधियों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू हो गई है। डीजीपी तदाशा मिश्र ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को संगठित अपराधियों के खिलाफ समन्वित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में गोड्डा, दुमका, जामताड़ा और देवघर जिला की सहभागिता से एक संयुक्त विशेष टीम (जॉइंट टीम) गठित करने का निर्णय लिया गया। यह टीम पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में कार्य करेगी और चारों जिलों में ज्वेलरी लूट, छिनतई सहित डेविल्स ग्रुप से जुड़ी घटनाओं की संयुक्त जांच और त्वरित उद्भेदन करेगी। टीम की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा पुलिस महानिरीक्षक, दुमका प्रक्षेत्र द्वारा की जाएगी। डीजीपी ने दुमका प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक को डेविल्स ग्रुप से जुड़े सभी संदिग्ध सदस्यों का भौतिक सत्यापन कराने, लंबित मामलों का जल्द निष्पादन सुनिश्चित करने और अवैध हथियारों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए अंतरराज्यीय समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ वैज्ञानिक और ठोस साक्ष्य जुटाने, गवाहों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने, जमानतदारों का सत्यापन कराने और अभियोजन पक्ष के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दोषियों को जल्द सजा दिलाने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक (अभियान), दुमका प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, दुमका, गोड्डा और दुमका के पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। डीजीपी ने वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार क्षेत्र का दौरा करने और पीसीआर वाहनों से सघन गश्ती अभियान चलाकर अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

## न्यूज अपडेट्स

### झारखंड में 82.11 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी

**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाताओं की मैपिंग और इन्यूमरेशन फॉर्म वितरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को बताया कि राज्य में अब तक 82.11 प्रतिशत (2,17,27,827) मतदाताओं की विगत विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की मतदाता सूची से सफलतापूर्वक मैपिंग कर ली गई है, जबकि 17.89 प्रतिशत (47,35,409) मतदाता अभी भी अनमैप्ड हैं। उन्होंने बताया कि अनमैप्ड मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा कर दी गई है। साथ ही यह सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी आम लोगों के लिए उपलब्ध करा दी गई है ताकि संबंधित मतदाता अपनी जानकारी का सत्यापन कर सकें। के. रवि कुमार ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) आपसी समन्वय के साथ घर-घर पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कर रहे हैं। अभियान के पहले 10 दिनों में ही बीएलओ 66.25 प्रतिशत यानी 1,75,31,915 मतदाताओं तक पहुंचकर उन्हें इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध करा चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विगत एसआईआर की मतदाता सूची को 'सुपीरियर डॉक्यूमेंट' माना गया है, जिन मतदाताओं की मैपिंग पहले की एसआईआर सूची से हो चुकी है, उन्हें किसी अतिरिक्त दस्तावेज को जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि इन्यूमरेशन फॉर्म भरते समय विगत एसआईआर से संबंधित मैपिंग का विवरण अवश्य अंकित करें और भरे हुए फॉर्म को समय पर बीएलओ को सौंप दें, ताकि डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा सके।

**रथ यात्रा** डीजीपी तदाशा मिश्रा ने रथ यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

# सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश

**रांची।** राजधानी रांची की ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा को लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह सतर्क है। इस क्रम में झारखंड के पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा गुरुवार को रांची स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचीं और रथ यात्रा की तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ पूरे मंदिर क्षेत्र का जायजा भी लिया। राजधानी रांची में रथ यात्रा और रथ मेला को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। गुरुवार को डीजीपी तदाशा मिश्र ने खुद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और दूसरे इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर, रथ यात्रा मार्ग, श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, बैरिकेडिंग, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग, नियंत्रण कक्ष तथा संवेदनशील स्थलों का



निरीक्षण भी किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिदेशक ने रांची पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों से सुरक्षा तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन दल और त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए।

डीजीपी ने निरीक्षण के बाद मंदिर समिति के सदस्यों से भी बातचीत की और उनके सुझावों को सुना। इसके बाद डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर सुझाव को सुना जाए और जो कारगर हो उसपर काम भी करें। चूंकि रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए गए। डीजीपी ने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी, ड्रोन कैमरों के उपयोग और सादे लिबास में पुलिसकर्मियों की तैनाती के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रांची एसएसपी, सिटी एसपी सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने डीजीपी को रथ यात्रा के लिए की गई तैयारियों और सुरक्षा योजना की विस्तृत जानकारी भी दी।

## मुख्यमंत्री ने झारखंड में निवेश बढ़ाने पर सिंगापुर के उच्चायुक्त से की वार्ता

**रांची।** नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन-2026 के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग वाई कुएन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड में निवेश, वैश्विक साझेदारी और औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल, उभरते औद्योगिक क्षेत्रों, डिजिटल अर्थव्यवस्था, अवसंरचना विकास और भविष्य की



निवेश संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने झारखंड की प्राकृतिक संपदा, कुशल मानव संसाधन और उद्योगों के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए सिंगापुर की कंपनियों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया। दोनों पक्षों के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूत करने और नई तकनीकों के आदान-प्रदान और दीर्घकालिक वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी।

## रथ मेला के दौरान अलर्ट मोड में रहें अधिकारी : उपायुक्त



**रांची।** ऐतिहासिक रथ यात्रा उत्सव 16 जुलाई से शुरू हो रही है, जो 25 जुलाई तक चलेगी। इससे पहले जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। गुरुवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त ने सभी विभागों को समय-सीमा के भीतर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। 14 जुलाई की शाम मेला परिसर का अंतिम निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने कहा कि रथ मेला राज्य की आस्था और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा त्यौहार है। ऐसे में सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निभाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल मिल सके। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को रथ मेला के दौरान अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। बैठक में मेला परिसर के संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, पर्याप्त बैरिकेडिंग करने और महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास मार्ग बनाने के निर्देश दिए गए। रथ, पंडाल, मंच और पब्लिक एड्रेस सिस्टम का सुरक्षा एवं गुणवत्ता प्रमाण-पत्र लेना भी अनिवार्य किया गया। डीसी ने बिजली आपूर्ति, बैकअप जेनरेटर, चिकित्सा दल, एंबुलेंस, प्राथमिक उपचार केंद्र, अग्निशमन व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, स्वच्छता, पार्किंग, ट्रैफिक प्लान, खोया-पाया केंद्र, कंट्रोल रूम और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने को कहा। बारिश और वज्रपात को देखते हुए आपदा प्रबंधन की तैयारियां भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, सिटी एसपी पारस राणा, ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह, सदर एसडीओ कुमार रजत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, मंदिर समिति और मेला बंदोबस्ती से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री ने किया झिरी डंपिंग यार्ड में बन रहे बायो गैस प्लांट का निरीक्षण



**रांची।** झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने गुरुवार को राजधानी रांची के झिरी डंपिंग यार्ड में बन रहे गेल इंडिया लिमिटेड के बायो गैस प्लांट और लेगेसी वेस्ट बायोरेमेडिएशन परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बायो गैस प्लांट की कार्यप्रणाली, जैविक कचरे से गैस उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में केंद्रीय मंत्री अवगत हुए। उन्होंने इस परियोजना से होने वाले पर्यावरण और स्वच्छ ऊर्जा संबंधी लाभों की जानकारी प्राप्त की। झिरी डंपिंग यार्ड में वर्षों से जमा लेगेसी वेस्ट के बायोरेमेडिएशन तकनीक से किए जा रहे वैज्ञानिक तकनीकी से कार्य का भी जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों और एजेंसियों के प्रतिनिधियों से परियोजना के तकनीकी और संचालन संबंधी पहलुओं पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने दोनों परियोजनाओं की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। इससे स्वच्छ, स्वस्थ और शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। परियोजनाओं को समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता और नवीनतम तकनीकों के अनुरूप पूरा किया जाए, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके और शहर में वैज्ञानिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था और मजबूत हो। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त संजय कुमार, सहायक नगर आयुक्त, पीएमसी टीम, गेल इंडिया लिमिटेड के अधिकारी और मेसर्स गुरु रामदास कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**राष्ट्रवादी विचारधारा और छात्र शक्ति के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा परिषद : राजेंद्र**

# एबीवीपी ने धूमधाम से मनाया 78वां विद्यार्थी दिवस

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) रांची महानगर इकाई ने गुरुवार को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं संगठन के 78 वें स्थापना दिवस के पर रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में परिषद के कार्यकताओं, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची महानगर मंत्री तुषार दुबे ने की और यह पूरा आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश



के उपाध्यक्ष डॉ आनंद ठाकुर के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एबीवीपी झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री पशुपतिनाथ उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड हाई कोर्ट बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं और छात्रों के कंधे पर ही देश का भविष्य टिका है। राष्ट्रवादी विचारधारा और छात्र शक्ति के संकल्प के साथ परिषद आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी ने पिछले 77 वर्षों में देश को अनुशासित और प्रखर नेतृत्व दिया है। आज के दौर में छात्रों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना होगा। शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल डिग्री पाना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जवाबदेह नागरिक बनना है। विशिष्ट अतिथि और समाजसेवी संजना कुमारी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही वह समय है जहां चरित्र और संस्कारों का निर्माण होता है। परिषद जिस तरह से छात्र-छात्राओं में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना का बीज बो रही है, वह सराहनीय है। महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में भी युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश संगठन मंत्री पशुपतिनाथ ने कार्यकताओं को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए संगठन के ध्येय और इसके गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में महानगर मंत्री तुषार दुबे ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का आभार जताया। कार्यक्रम का विधिवत समापन 'वंदे मातरम' के गान के साथ हुआ।

# एसआईआर अभियान में लापरवाही पर डीसी सख्त, कच्चे रास्तों से पहुंचकर जांची प्रगति



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को एसआईआर -2026 अभियान के तहत मतदाता गणना प्रपत्रों के वितरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य की धीमी प्रगति पर जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के कई मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एसआईआर कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ पूरे किए जाएं। निरीक्षण की शुरूआत हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-121 से हुई, जहां गणना प्रपत्रों का वितरण मात्र 11 प्रतिशत मिला। डीसी ने बीएलओ का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं कुछ गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया। इसके बाद उन्होंने देवरी खुर्द के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां एक केंद्र पर शत-प्रतिशत फॉर्म वितरण मिलने पर अभिलेखों का सत्यापन भी किया। डीसी ने दूरस्थ मतदान केंद्रों तक कच्चे रास्तों और पगडंडियों से पहुंचकर कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि भौगोलिक कठिनाइयों के बावजूद प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचना सभी संबंधित कर्मियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने छतरपुर, नावाबाजार और पड़वा में संचालित डिजिटाइजेशन केंद्रों का भी निरीक्षण कर बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप फॉर्म वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी गणेश महतो, बीडीओ आशीष कुमार साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### 11 जुलाई को देश की चुनौतियों पर होगा संवाद, विहिप ने शुरू की तैयारी

**मेदिनीनगर :** विहिप पलामू जिला टोली की बैठक गुरुवार को जिला कार्यालय में जिलापालक दामोदर मिश्र की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री अमित तिवारी के संचालन में हुई। बैठक में 11 जुलाई को आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रम तथा 12 जुलाई को प्रस्तावित पलामू विभाग की बैठक की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि विहिप के केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय विशेष संपर्क प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता अम्बरीशजी 11 जुलाई की शाम साढ़े छह बजे राजा भाऊ स्मृति संघ भवन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम का विषय देश की वर्तमान चुनौतियां और उनका निवारण रखा गया है। इसमें विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, साहित्यिक, आध्यात्मिक, व्यवसायिक और शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संघ परिवार के विभिन्न आनुषंगिक संगठनों के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पप्पू लाठ, पंकज जायसवाल, संदीप प्रसाद गुप्ता, हिमांशु पांडेय, विवेक सिंह, दिलीप गिरी सहित विहिप एवं बजरंग दल के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गढ़वा

### मंडल डैम विस्थापितों के पुनर्वास में नहीं होगी देरी

# डीपीआर जल्द भेजने का डीसी ने दिया निर्देश

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में शहीद नीलांबर-पीतांबर उत्तर कोयल परियोजना (मंडल डैम) से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तावित पुनर्वास स्थलों पर उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विभिन्न विभागों के प्रस्ताव एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में रंका अंचल के विश्रामपुर तथा रमकंडा अंचल के बलीगढ़ में विकसित किये जाने वाले पुनर्वास स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर विभिन्न विभागों की तैयारियों पर चर्चा हुई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को प्रस्तावों एवं डीपीआर का पुनः सूक्ष्म परीक्षण कर आवश्यक संशोधन के बाद शीघ्र विभाग को भेजने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा सिंचाई व्यवस्था, चेक डैम एवं तालाब निर्माण, विद्युत प्रमंडल द्वारा विद्युत अधोसंरचना, भवन निर्माण विभाग द्वारा स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं शहीद नीलांबर-पीतांबर पार्क, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क निर्माण, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा पेयजल आपूर्ति, शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय की स्थापना, पंचायती राज विभाग द्वारा सभा भवन, बाजार शेड एवं हाट-बाजार तथा कल्याण विभाग द्वारा धुमकुड़िया भवन, कब्रिस्तान, सरना, मसना, हड़गड़ी स्थलों की घेराबंदी, पूजा स्थल एवं श्मशान घाट निर्माण से जुड़े प्रस्तावों की बिंदुवार समीक्षा की गई। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की योजनाओं पर भी चर्चा हुई। डीसी ने कहा कि मंडल डैम परियोजना से विस्थापित परिवारों को पुनर्वास स्थलों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुये विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एसी विकास कुमार राय, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रेमलाल सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जन समाधान दिवस में 10 शिकायतों का ऑन द स्पॉट निपटारा

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** नगर पंचायत छतरपुर में आयोजित जन समाधान दिवस में बुधवार को आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी पहल की गई। नपं अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास योजना, होल्डिंग टैक्स, सड़क, नाली, पेयजल, साफ-सफाई, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न जनसुविधाओं से जुड़ी 20 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 10 से अधिक मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

नपं अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान नगर पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर्र रहमान ने बताया कि सिंगल विंडो व्यवस्था के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है तथा लंबित मामलों का भी जल्द निपटारा किया जाएगा।कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष मंजीत यादव, सिटी मैनेजर मुर्तजा अंसारी, सभी वार्ड पार्षद, नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### एबीवीपी की मैराथन दौड़ में फिट इंडिया का संदेश, राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प



**मेदिनीनगर :** अभाविप की मेदिनीनगर इकाई ने गुरुवार को संगठन के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया। दौड़ की शुरूआत नीपी यूनिवर्सिटी परिसर से हुई और समापन छह मुहान चौक पर हुआ। प्रदेश मंत्री अभय वर्मा एवं जिला प्रमुख अजीत सेठ ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। मैराथन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, परिषद कार्यकताओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर फिट इंडिया अभियान, स्वस्थ जीवनशैली और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस केवल स्थापना दिवस का उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अभाविप अपनी स्थापना से ही छात्र हित, शिक्षा सुधार और राष्ट्र निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका निभाती रही है। ऐसे आयोजन युवाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का भी बोध कराते हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त, जागरूक और अनुशासित युवा ही देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। कार्यक्रम में अभाविप के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### गढ़वा जिला फुटबॉल लीग 17 अगस्त से



**गढ़वा :** गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में गढ़वा जिला फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का आयोजन 17 अगस्त से गढ़वा फुटबॉल स्टेडियम में किया जायेगा। प्रतियोगिता का संचालन भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जायेगा। लीग के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा तथा इसी आधार पर जिला फुटबॉल टीम का चयन भी किया जायेगा। जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ने बताया कि जिले के फुटबॉल क्लबों, संस्थाओं, कॉलेजों एवं हाईस्कूलों की पुरुष टीमें 30 जुलाई तक अपना निबंधन अनिवार्य रूप से करा लें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे। प्रतियोगिता में केवल पंजीकृत टीमें ही भाग ले सकेंगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 14 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर जिला फुटबॉल संघ की महत्वपूर्ण बैठक 11 जुलाई को चिनिया रोड स्थित होटल पद्मावती के सभागार में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक क्लब एवं संस्थाएं निबंधन संबंधी जानकारी के लिए गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष जगरनाथ राम से मोबाईल नंबर 7739228922 पर संपर्क कर सकते हैं।

### क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी तेज



**गढ़वा :** आगामी 19 जुलाई को तीन पालियों में आयोजित होने वाली झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024 के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर गुरुवार को समाहरणालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। एसडीओ-सह-नोडल पदाधिकारी कुमार मयंक भूषण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के सभी 15 परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षकों को परीक्षा संचालन से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण एवं दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में डीईओ जगरनाथ लोहरा भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान सभी केंद्राधीक्षकों को परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाये रखने के लिये विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। परीक्षा संचालन की प्रक्रिया, मानक संचालन प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता तथा अभ्यर्थियों के सुगम प्रवेश सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। मौके पर एसडीओ ने कहा कि परीक्षा का सफल संचालन सभी संबंधित अधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाय। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर समयबद्ध व्यवस्था, पर्याप्त सुरक्षा, अनुशासन एवं पूरी तरह कदाचारमुक्त वातावरण बनाये रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। बैठक में परीक्षा से जुड़ी सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

### अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही, अमानवीय व्यवहार, सीएचसी में हंगामा

# रेफर प्रसूता को डेढ़ घंटे तक नहीं मिली एंबुलेंस

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक रेफर प्रसूता को समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही, अमानवीय व्यवहार और इलाज के दौरान बाहर से दवाईयां मंगाने का आरोप लगाया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बुका गांव निवासी सुमन देवी को प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि एएनएम ने कई बार सामान्य प्रसव होने का आश्वासन देकर उन्हें अस्पताल में ही रोके रखा। बाद में जब प्रसूता की तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे बेहतर इलाज के लिये रेफर कर दिया गया। परिजनों का कहना है कि रेफर किये जाने के बाद भी करीब डेढ़ घंटे तक एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। आरोप है कि उन्हें निजी वाहन से मरीज को ले जाने की सलाह दी गई। इसी दौरान अस्पताल में एक बुजुर्ग महिला की मौत के बाद उसका शव घर पहुंचाने के लिये एंबुलेंस उपलब्ध करा दी गई, जिससे परिजन आक्रोशित हो गये। उनका कहना था कि गंभीर अवस्था में प्रसूता को प्राथमिकता मिलनी चाहिये थी। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में इलाज के दौरान आवश्यक दवाईयां बाहर से खरीदने के लिये मजबूर किया गया।उधर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रसूता की स्थिति को देखते हुये उसे बेहतर उपचार के लिये रेफर किया गया था। उन्होंने कहा कि उस समय 108 सरकारी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं हो सकी। उन्होंने मामले की जानकारी संबंधित स्तर पर भेजने की बात कही।

# स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिये गढ़वा की टीम रवाना



**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** रांची में शुक्रवार से आयोजित होने वाली तीन दिवसीय प्रथम झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये गढ़वा जिला की 22 सदस्यीय टीम को गुरुवार को पदाधिकारियों ने शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये प्रतियोगिता में पूरे आत्मविश्वास और एकाग्रता के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की सलाह दी गई। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि खिलाड़ियों को इस बार नियमित अभ्यास का पर्याप्त अवसर मिला है तथा खेल की तकनीकी बारीकियों का भी प्रशिक्षण दिया गया है। ऐसे में उम्मीद है कि गढ़वा की टीम पिछले वर्षों की तुलना में इस बार बेहतर प्रदर्शन करेगी और जिले का नाम रोशन करेगी। प्रतियोगिता के लिये चयनित खिलाड़ियों में अमल कुमार ठाकुर, अमन कुमार पाल, अनिल कुमार मेहता, नितीश कुमार मेहता, हर्षित कुमार पांडेय, सचिन कुमार, रोहन पाल, आयुष राज, दिव्यांशु धर दुबे, वर्षा रानी, आयुषी कुमारी, आयुषी कुमारी पांडेय, मयंक राज, रोशन कुमार पाल, अर्णव कुमार दुबे, अनुराग पासवान, आनंद पासवान, दिव्यांशु राज, अमन राज तथा सत्यम चौधरी शामिल हैं। टीम के साथ कार्यकारी सदस्य संजय कुमार सिंह एवं दारोगा पासवान को टीम मैनेजर तथा संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे को कोच बनाया गया है। टीम को रवाना करने के दौरान दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी ईबी अब्राहम, अंशुमान राजहंस, खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, धनंजय सिंह, अशोक कुमार दुबे, सुशील प्रसाद केसरी, संजय सोनी, अशोक विश्वकर्मा, मोजिबुद्दीन खान, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, चंद्रभूषण सिन्हा, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक राकेश पाल, अभय कुमार, पंकज सोनी, नवनीत शुक्ला, दुर्गेश कुमार दुबे, धनंजय पांडेय, अजय कुमार ठाकुर, मनोज पाठक, आमोद कुमार पांडेय, मिथिलेश सिंह आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज अपडेट्स

### पति से विवाद के बाद मां ने दो मासूम बेटियों को कुएं में फेंका, दोनों की मौत

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा गांव में पारिवारिक विवाद के बाद एक दर्दनाक घटना सामने आई। बुधवार रात पति से हुए विवाद के बाद एक महिला ने अपनी दो मासूम बेटियों को कुएं में फेंक दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। इसके बाद महिला ने भी कुएं में छलांग लगा दी, लेकिन परिजनों ने उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस के अनुसार, सरिता देवी का अपने पति छोटेलाल प्रजापति से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान उसने सास की गोद से एक बेटी को छीनकर कुएं में फेंक दिया और फिर दूसरी बेटी को भी कुएं में डाल दिया। तीसरी बेटी किसी तरह भागकर बच गई। घटना के बाद महिला ने भी कुएं में छलांग लगा दी। नावाबाजार थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि दोनों बच्चियों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान प्रिया कुमारी और डॉली कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### रजवाडीह मवि के छात्रों को मिली विपश्यना की जानकारी


**मेदिनीनगर :** रजवाडीह मध्य विद्यालय में रूम टू रीड के अक्षय पाण्डेय के द्वारा अनुश्रवण किया गया। इस दौरान उन्होंने वर्गवार बच्चों से संवाद किया तथा पुस्तक पढ़वाकर उनके पठन कौशल की जानकारी ली। वहीं पीरामल फाउंडेशन के चक्रधर साहू एवं तृप्ति तिवारी ने बच्चों को विपश्यना के बारे बताया तथा उसे जीवन में लागू करने के फायदे बताये। कहा कि विपश्यना शील, मन की शुद्धि व एकाग्रता के लिए बहुत उपयोगी है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका श्रीमती निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर मौजूद रहे।

**अध्यात्म** राजा पहाड़ी शिव मंदिर अब नई समिति के हाथों में

# विधायक, एसडीओ समेत 10 सदस्य को जिम्मेदारी

### वित्तीय अनियमितता और मनमानी के आरोपों के बीच प्रशासन का बड़ा फैसला

**बंशीधर न्यूज**





**श्री बंशीधर नगर :** अनुमंडल प्रशासन ने राजा पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर में व्याप्त वित्तीय अनियमितता व मनमानी को लेकर जारी विवाद के बीच मंदिर के सुचारु संचालन के लिये नई समिति का गठन कर दिया है। एसडीओ की ओर से जारी आदेश के अनुसार नवसृजित राजा पहाड़ी शिव मंदिर प्रबंधन समिति तत्काल प्रभाव से कार्य करेगी और मंदिर की व्यवस्था को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में आवश्यक निर्णय लेगी। एसडीओ की ओर से जारी आदेश के मुताबिक राजा पहाड़ी शिव मंदिर में व्याप्त वित्तीय अनियमितता व मनमानी को लेकर जारी विवाद के कारण मंदिर के संचालन में आ रही कठिनाईयों तथा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह समिति गठित की गई है। नई समिति के पदेन अध्यक्ष स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव होंगे। जबकि एसडीओ श्री बंशीधर नगर पदेन सचिव बनाये गये हैं। इसके अलावा एसडीपीओ श्री बंशीधर नगर, सीओ नगर ऊंटारी, रेंजर नगर ऊंटारी, अध्यक्ष नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर तथा वार्ड संख्या-4 के वार्ड पार्षद को पदेन सदस्य बनाया गया है।

गैर-सरकारी सदस्यों के रूप में विधायक प्रतिनिधि कमलेश मेहता, रजनीकांत मधुर और संजय कांस्यकार को समिति में शामिल किया गया है। आदेश के अनुसार समिति प्रत्येक माह बैठक कर मंदिर के रखरखाव, पूजा-पाठ, वित्तीय पारदर्शिता और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े सभी आवश्यक निर्णय लेगी। इस संबंध में संबंधित सभी अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों को आदेश की प्रति भेजते हुये आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# विश्रामपुर-घरटिया पथ निर्माण में अनियमितता का आरोप

### ग्रामीणों की शिकायत पर जिपस ने किया निरीक्षण, घटिया निर्माण का लगाया आरोप

**बंशीधर न्यूज**



**विश्रामपुर :** विश्रामपुर-घरटिया पथ निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुये ग्रामीणों ने जांच की मांग की है। मामला गौरा गांव के समीप निमार्णाधीन गार्ड वॉल का है, जहां ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिला परिषद सदस्य विजय रविदास ने गुरुवार को निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने आरोप लगाया कि गार्डवाल में बालू के बजाय फ्लाई ऐश से पत्थरों की जोड़ाई की जा रही है। उनका कहना है कि करीब 200 फीट तक इसी प्रकार निर्माण किया गया है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिला परिषद सदस्य ने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से बन रही सड़क में यदि मानकों की अनदेखी की जा रही है तो इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिये। उन्होंने चेतावनी दी कि दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ आंदोलन किया जायेगा। मामले में पूछे जाने पर कनीय अभियंता सुरेश गुप्ता ने बताया कि गार्ड वॉल में फ्लाई ऐश का उपयोग किया जा रहा है।

### विद्या मंदिर में एफ ए-वन की परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

# तिलक लगाकर परीक्षार्थियों का कराया प्रवेश

**बंशीधर न्यूज**



**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में एफ ए-वन परीक्षा के प्रथम दिन परीक्षार्थियों को विद्यालय के मुख्य द्वार पर आचार्या नीति कुमारी, आरती श्रीवास्तव एवं रेणु पाठक के द्वारा तिलक लगाकर एवं प्रसाद खिलाकर मुख्य द्वार से प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भैया-बहनों को इस परीक्षा की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि इस सत्र की यह प्रथम विद्यालयीय परीक्षा है?। यह परीक्षा चार दिनों तक चलने वाली है। हमारे भैया-बहन पूर्ण मनोयोग से उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ आनन्दित होकर परीक्षा दें, क्योंकि यह परीक्षा की बेला आपके द्वारा किये गये परिश्रम के मूल्यांकन का है। जिस तरह दीपक की रोशनी उसका परिचय देती है, वैसे ही विद्वान लोगों का ज्ञान ही उनका परिचय देता है। अतः सदैव अध्ययनशील बनें। विद्यालय की मुख्य द्वार से इस भव्य स्वागत को देखकर सभी भैया-बहन एवं अभिभावकगण उत्साहित दिखे।परीक्षा को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य नंदलाल पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, सत्येंद्र प्रजापति, नीरज सिंह, सुजीत दुबे, दिनेश कुमार, रूपेश कुमार, कृष्ण मुरारी, प्रसून कुमार, अशोक कुमार, हिमांशु झा, हृषिकेश तिवारी, बिक्रम प्रसाद, अमन केरकेट्टा, प्रीतम कुमार, विवेक सुमन, प्रवीण कुमार, लालू कुमार सहित आचार्या सुप्रिया कुमारी, खुशबू सिंघल, तन्वी जोशी, अनामिका कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, सलोनी कुमारी, अदिति कुमारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। परीक्षा शान्तिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त सम्पन्न हुई।

### ट्रेन से 46 लीटर अवैध शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार



**हुसैनाबाद :** पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल अंतर्गत जपला आरपीएफ ने ऑपरेशन सतर्क के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए बरवाडीह–डेहरी पैसेंजर ट्रेन से 46 लीटर अवैध शराब और बीयर बरामद की। इस दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के निर्देश पर जपला आरपीएफ पोस्ट के उपनिरीक्षक फेबियन कुल्लू के नेतृत्व में की गई। आरपीएफ टीम ने जपला स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या–3 पर विशेष जांच अभियान के दौरान ट्रेन के एक कोच के शौचालय के पास संदिग्ध युवक की तलाशी ली। उसके बोरे से केवल झारखंड में बिक्री के लिए अंकित 150 पाउच देशी शराब (30 लीटर) और 32 कैन गॉडफादर सुप्रीम स्ट्रॉन्ग बीयर (16 लीटर) बरामद हुई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 11,550 रुपये बताई गई है। गिरफ्तार युवक ने अपनी पहचान बिहार के रोहतास निवासी गुड्डू कुमार के रूप में दी। आरपीएफ ने उसे जब्त शराब के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग, डालटनगंज के हवाले कर दिया।

### उत्पाद विभाग की टीम ने दो अवैध शराब भट्ठी किया ध्वस्त, 75 लीटर महुआ शराब बरामद



**रमना :** गढ़वा जिले में चलाये जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत उत्पाद विभाग की टीम ने रमना प्रखंड के हरादाग कला एवं हरादाग खुर्द गांव में छापेमारी कर दो अवैध शराब चुलाई भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान 75 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई। जबकि लगभग 10 क्विंटल जावा महुआ तथा शराब निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामग्री को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। उत्पाद अधीक्षक संजीत कुमार देव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान अवैध शराब निर्माण का कारोबार संचालित होने की पुष्टि हुई। हालांकि उत्पाद विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपित मौके से फरार हो गये। मामले में हरादाग कला निवासी राजू चौधरी व धर्मेंद्र चौधरी तथा हरादाग खुर्द निवासी चंदन कुमार के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिये भी प्रयास किये जा रहे हैं। छापेमारी दल में उत्पाद अवर निरीक्षक निर्मल मरांडी, उत्पाद आरक्षी मुकेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह तथा गृह रक्षक के जवान शामिल थे।

### गोवावल उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के आदेश पर चलाए जा रहे 90 दिवसीय गहन आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत गढ़वा प्रखंड के गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को नालसा की विभिन्न योजनाओं, बाल अधिकारों तथा निःशुल्क कानूनी सहायता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009, बाल कल्याण समिति की भूमिका, नवजात शिशुओं के संरक्षण एवं पालन–पोषण, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क अधिवक्ता सेवा, बाल विवाह तथा बाल श्रम निषेध कानून की जानकारी दी। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने आदिवासी एवं विमुक्त घुमंतू जनजातीय समुदायों के संवैधानिक, भूमि, वन और सांस्कृतिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वन अधिकार अधिनियम–2006 के तहत पारंपरिक वनवासियों और जनजातीय समुदायों को वन भूमि पर निवास एवं आजीविका का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने यह भी बताया कि अनाथ बच्चों के लिए संचालित स्पॉन्सरशिप योजना के तहत पालन–पोषण, शिक्षा एवं चिकित्सा के लिये प्रति माह चार हजार रुपये की सहायता का प्रावधान है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक डॉ लवलेश शुक्ला सहित काफी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।



## धर्मेंद्र को याद कर फिर भावुक हुईं हेमा मालिनी

अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपने पति और दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को याद करते हुए भावुक यादें शेयर की हैं। फिल्म इंडस्ट्री में अपने 60 वर्ष पूरे होने से पहले दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने धर्मेंद्र के संघर्ष, सफलता और परिवार के प्रति उनके समर्पण को याद किया। हेमा ने कहा कि पंजाब के एक छोटे से गांव से निकलकर धर्मेंद्र ने अपने दम पर देश के सबसे लोकप्रिय सितारों में जगह बनाई और आज भी करोड़ों लोगों के दिलों में बसे हुए हैं।

हेमा ने पद्म भूषण सम्मान समारोह का जिक्र करते हुए कहा कि वह पल उनके लिए बेहद भावुक था। उन्होंने बताया कि जब वह मंच पर सम्मान ग्रहण करने जा रही थीं, तब उन्हें ऐसा महसूस हुआ मानो धर्मेंद्र उनके पीछे खड़े होकर उन्हें आगे बढ़ने का हौसला दे रहे हों। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र परिवार को हमेशा एकजुट रखने में विश्वास करते थे और अपने सभी बच्चों, पोते-पोतियों तथा नाती-नातिनों से समान स्नेह रखते थे।

धर्मेंद्र के प्रति अपना प्रेम व्यक्त करते हुए हेमा मालिनी ने कहा कि उन्होंने जीवन में वह सब हासिल किया, जिसका हर कलाकार सपना देखता है। उन्होंने कहा कि पंजाब के एक साधारण परिवार से निकलकर धर्मेंद्र ने देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई। हेमा ने भावुक होते हुए कहा कि पूरा देश उनसे प्यार करता था और यह उनके लिए गर्व की बात है कि धर्मेंद्र ने उन्हें अपने जीवनसाथी के रूप में चुना।

## 'वन' अब नई तारीख पर होगी रिलीज



अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की रिलीज तारीख बदल दी गई है। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने मोशन पोस्टर जारी कर घोषणा की है कि फिल्म अब 28 अगस्त के बजाय 25 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दीपक मिश्रा और अरुणभ कुमार के निर्देशन में बनी यह फिल्म पहले रक्षाबंधन के मौके पर प्रदर्शित होने वाली थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर होने वाले बड़े मुकाबले से बचने के लिए निमार्ताओं ने रिलीज आगे बढ़ाने का फैसला किया है। निमार्ता एकता कपूर द्वारा शेयर किए गए एनिमेटेड मोशन पोस्टर में त्रिशूल थामे एक रहस्यमयी व्यक्ति को बाघ और नंदी के बीच खड़े दिखाया गया है। पोस्टर में बिजली की चमक और पौराणिक प्रतीकों का इस्तेमाल फिल्म के रहस्य और रोमांच को और बढ़ाता है। पोस्ट के साथ लिखा गया, ₹बाघ की दहाड़ है... नंदी उसकी शक्ति है। और वन... उसकी कहानी।₹ इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि अगस्त में श्रद्धा कपूर की 'ईथा' और यश की 'टॉक्सिक' जैसी बड़ी फिल्मों की रिलीज तय होने के कारण निमार्ताओं ने फिल्म को एकल रिलीज देने की रणनीति अपनाई है। अब सितंबर में फिल्म को दर्शकों का पूरा ध्यान मिलने की उम्मीद है। सिनेमाघरों में प्रदर्शन के बाद 'वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' का प्रदर्शन अमेजन प्राइम वीडियो पर भी किया जाएगा।

## दक्षिणी चीन में बाढ़ से 39 लोगों की मौत और 9 लापता, एक और तूफान की चेतावनी



# सुब्रतो कप में खिलाड़ियों की सेहत से खिलवाड़

### पानी-ओआरएस तक नहीं

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** झारखंड सरकार की ओर से यहां प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित दो दिवसीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में रही। प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों और खिलाड़ियों ने आयोजन की तैयारियों तथा बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर नाराजगी जताते हुये व्यवस्था में सुधार की मांग की है। प्रतिभागी विद्यालयों के शिक्षकों का आरोप है कि उमस भरी गर्मी के बावजूद खिलाड़ियों के लिये ग्लूकोज, ओआरएस अथवा अन्य ऊर्जा पेय की व्यवस्था नहीं की गई। पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध नहीं था, जिससे लगातार मैच खेलने वाले छात्र-छात्राओं को कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। उनका कहना है कि खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिये थी, लेकिन इस दिशा में अपेक्षित व्यवस्था नहीं की गई। शिक्षकों ने यह भी बताया कि प्रतियोगिता स्थल पर प्राथमिक उपचार की कोई व्यवस्था नहीं थी और न ही किसी मेडिकल टीम अथवा स्वास्थ्यकर्मी की तैनाती की गई थी। मैच के दौरान कई खिलाड़ी चोटिल हुये, लेकिन मौके पर उपचार की सुविधा नहीं मिलने के कारण उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजना पड़ा। प्रतिभागी विद्यालयों के शिक्षकों ने कहा कि राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिये। उन्होंने भविष्य में प्रत्येक खेल आयोजन में पेयजल, ओआरएस, प्राथमिक उपचार किट और मेडिकल टीम जैसी बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की मांग की। प्रतियोगिता में अव्यवस्था की शिकायत मिलने के बाद बीडीओ नंदजी राम खेल मैदान पहुंचे और बीपीओ रेणुबाला से खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने आयोजन समिति को तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने स्पष्ट कहा कि यदि दोबारा इस प्रकार की अव्यवस्था की शिकायत मिली तो आयोजन समिति के विरुद्ध विभाग को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की जायेगी।

## सबका योजना, सबका विकास अभियान के तहत ग्रामसभा आयोजित



**कांडी :** हरिहरपुर प्रखंड अंतर्गत मझिगावां पंचायत कार्यालय में गुरुवार को सबका योजना, सबका विकास अभियान के तहत ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में पंचायत के समग्र विकास एवं ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। पंचायत सचिव हुसैन अंसारी ने कहा कि पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिये सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पंचायत के लिये गरीबी मुक्त एवं बेहतर आजीविका पंचायत थीम का चयन किया गया है, जिसके तहत रोजगार के अवसर बढ़ाने, आजीविका सुदृढ़ करने तथा गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में योजनाएं तैयार की जायेंगी। इस अवसर पर बीपीआरसी कांडी एजाज अंसारी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुनील यादव, सहायक दिनेश गुप्ता, ग्रामीण जितेंद्र चौबे, बलराम चौबे, अनिल यादव, सुनार रजवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बीडीओ ने पंचायत भवनों व मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

# एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर चार लोगों से स्पष्टीकरण

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत गणना प्रपत्रों का वितरण एवं डिजिटलाईजेशन का कार्य जोरों पर है। इसी क्रम में बीडीओ राकेश सहाय ने गुरुवार को कांडी, पतरिया, राणाडीह एवं खरौंधा पंचायत भवनों तथा विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसआईआर कार्य में चार पंचायत सहायकों द्वारा गंभीर लापरवाही बरतने का मामला सामने आया। इसके बाद कांडी पंचायत के नितेश कुमार तथा राणाडीह पंचायत के चंदन कुमार, संतु कुमार एवं संजीव कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बीडीओ ने सभी संबंधित पंचायत सहायकों को निर्देश दिया है कि वे शुक्रवार सुबह 11 बजे तक सशरीर उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया तो संबंधित पंचायत सहायकों की सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की जायेगी। मौके पर राणाडीह पंचायत के मुखिया ललित बैठा, शिक्षक वरुण शर्मा, बीएलओ प्रेमशिला देवी, रोजगार सेवक मानस कुमार मेहता सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## ड्राईविंग एवं लर्निंग लाईसेंस को लेकर शिविर आयोजित



**रमना :** परिवहन कार्यालय आपके द्वार अभियान के तहत गुरुवार को रमना पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ड्राईविंग एवं लर्निंग लाईसेंस से संबंधित सेवाएं पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराई गईं। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और दस्तावेज सत्यापन से लेकर कंप्यूटर आधारित लर्निंग टेस्ट तक की प्रक्रिया मौके पर पूरी की गई। शिविर में कुल 127 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें से 109 आवेदकों को लर्निंग लाईसेंस जारी किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश एवं रमना पंचायत की मुखिया दुलारी देवी ने संयुक्त रूप से सफल अभ्यर्थियों को लर्निंग लाईसेंस प्रदान किया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन तथा वैध लाईसेंस के महत्व की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य परिवहन सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाना है। मौके पर प्रधान सहायक अरविंद सिंह, सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक विनय रंजन तिवारी, आईटी सहायक नीरज पांडेय, कंप्यूटर ऑपरेटर चंदन सिंह, अतुल रंजन सिन्हा, सूरज प्रकाश चंद्रवंशी सहित अन्य अधिकारी, कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 65 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**रमना :** प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को 65 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रमुख करुणा सोनी, सीओ विकास पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा एवं बीपीएम सुधा गिरी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। उद्घाटन के बाद अंडर-17 बालक वर्ग का पहला मुकाबला उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बुल्का और उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय टंडवा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में बुल्का की टीम ने एक गोल से जीत दर्ज की। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय टंडवा और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रमना के बीच मैच खेला गया। इसमें टंडवा की टीम ने दो गोल से विजय हासिल की। मैच का संचालन रेफरी के रूप में शिक्षक विमल कुमार पटेल, संजय मौर्य एवं अनिल कुमार ने किया। मौके पर रवि कुमार, पीयूष, प्रशांत, मनोज कुजूर, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नंदकिशोर चौबे, सीमा गुप्ता, नीलम कुमारी, विनोद कुमार यादव, अरुण कुमार गुप्ता, वीरेंद्र पाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ईरान को चीन व रूस से जोड़ने वाले रेलवे पुल पर अमेरिका का हमला

**तेहरान।** ईरानी मीडिया ने दावा किया है कि गुरुवार सुबह अमेरिकी हमले में ईरान को चीन और रूस से जोड़ने वाला ओगटे खान रेलवे पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। यह पुल चीन-तुर्कमेनिस्तान-ईरान अंतरराष्ट्रीय रेल कॉरिडोर का अहम हिस्सा है, जो क्षेत्रीय व्यापार और माल परिवहन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। ईरान ने इन हमलों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और दोनों देशों के बीच युद्धविराम समझौते का खुला उल्लंघन बताया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में ईरानी अधिकारियों ने कहा कि यह पुल अंतरराष्ट्रीय चीन-कजाकिस्तान-तुर्कमेनिस्तान-इंचेह बोरुन रेल कॉरिडोर पर स्थित है, जो ईरान की उत्तर-पूर्वी सीमा से होते हुए ईरान में प्रवेश करता है और गोरगन को तेहरान से जोड़ता है। यह रूट चीन की 'बेल्ट एंड रोड पहल' का हिस्सा है, जो चीनी शहर शीआन को ईरान की राजधानी से जोड़ता है। हाल के वर्षों में इस मार्ग का उपयोग चीन और रूस के साथ माल परिवहन के लिए बढ़ा है, जिससे इस हमले को रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल इस कॉरिडोर के जरिए चीन से ईरान तक कम से कम 65 मालगाड़ियां चली थीं। अप्रैल में अमेरिकी प्रशासन द्वारा ईरानी बंदरगाहों पर गैर-कानूनी नाकाबंदी लागू करने के बाद रेल यातायात में तीन गुना वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रूस ने 2025 के अंत में इस रूट के जरिए ईरान को सामान भेजना शुरू कर दिया था, जिससे विश्लेषकों ने इस हमले को केवल एक पारंपरिक सैन्य हमले से कहीं ज्यादा गंभीर माना है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे गंभीर युद्ध अपराध और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया। उन्होंने दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष-विराम समझौते का भी उल्लंघन बताया। मंत्रालय ने कहा कि नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है और ईरान अपनी संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। ईरान ने आरोप लगाया कि पिछले 48 घंटों में अमेरिका ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में सैन्य हमले किए हैं और इसे संघर्ष-विराम समझौते का खुला उल्लंघन बताया। तेहरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य अमेरिकी अधिकारियों के बयानों की भी आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिका समझौते से पीछे हटने का बहाना बना रहा है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)